# नारीलोक

नवम्बर 2021 अंक 280



अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com


## अध्यक्षीय अनुभूति

**गुरुदेव नमस्तुभ्यं**

साभार समर्पित श्रद्धा चरणं, कृतार्थ हुआ मम अंतर-गुलशन
आशीष सिंधु में अवगाहन कर, विनत शीष, जोड़ युगल कर ।
शब्द अशब्द है भाव अभाव पर, विराग कुक्षि से निकले सुस्वर
परम पूज्य के पादपद्म में, प्रथम अंक की भेंट समर्पण ।।

सम्माननीय बहनों,

संस्था के नव–अध्याय पर कर्तृत्व की कलम से सिद्धश्री लिखने के पूर्व चौबीस तीर्थंकरों को वन्दन। तेरापंथ की उज्ज्वलतम यशस्वी आचार्य परम्परा को नमन। ज्योतिपुंज आचार्यप्रवर को वन्दन जिनकी वरदायी प्रभा रश्मियां सदा पथ प्रशस्त करती है। वन्दन असाधारण साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के चरणों में जिनके चिन्तन एवं आशीर्वचन ने संस्था को सदैव ऊंचाइयां प्रदान की है। श्रद्धेय मुख्यमुनिप्रवर, मुख्यनियोजिकाजी, साध्वीवर्याजी एवं समस्त धवल रश्मियों को नमन। संस्था के विकास में योगभूत बन रही मंडल की आध्यात्मिक पर्यवेक्षक प्रेरणामयी शासन गौरव साध्वीश्री कल्पलताजी के चरणों में वन्दन जिनके सिंचन से संस्था की जड़ें गहरी होती चली गई।

दीपावली पर्व की शुभकामना। प्रकाशोत्सव की प्रभा से आपका घर–आंगन दीप्तिमान रहे। भगवान महावीर ने कार्तिक अमावस्या के दिन अन्तिम देशना में हमारे अंतर्मन को अक्षय प्रकाश प्रदान किया। इसी प्रकाश से भावित आप सभी का जीवन सुखमय हो, यही शुभ भावना।

कार्तिक शुक्ला द्वितीया गुरुदेव तुलसी का जन्मदिवस है। मां वदनां की कुक्षि से दिव्य शिशु के जन्म ने चंदेरी नगरी को चन्दन सा सुवासित कर दिया। तेरापंथ धर्मसंघ के नवम् अधिशास्ता ने सुषुप्त नारी समाज को उन्मुक्त विकास का राजमार्ग दिखाया। अभिवन्दन नारी जाति के उन्नायक गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी को।

मातृभूमि के लिए इतिहास में अमर हो जाने वाले शूरवीरों की धरती है मेवाड़। इसकी माटी में फौलादी जज्बा एवं हवा में भक्ति की सुवास है। ऐसी धरती जब दायित्व आरोहण की साक्षी बनती है तो देश, संघ, समाज और संस्था के प्रति दायित्व बोध स्वतः उद्भट हो जाता है।

चितौड़गढ़ में महिला मंडल के 46वें अधिवेशन में देश भर से समागत एवं वर्चुअल जुड़ी बहनों के सहस्र हाथों ने विश्वास सहित मंगल भावों से शुभ स्वागत किया। पैंसठिया छन्द की स्वर लहरियों में प्रत्येक बहन का स्वर जुड़ा तो यकीनन अहसास गहराता गया कि 'आगे बढ़ो हम सब साथ हैं'!

शूरवीरों की धरती पर केसरिया शक्ति के नेतृत्व तिलक से ऐसा प्रतीत हुआ जैसे अरावली पर्वतमाला हर निश्चय को स्वयं सा अडिग और चिन्तन को स्वयं सी विशालता दे रहा हो। 29 सितम्बर को जितना विश्वास आप सबसे मिला, उतना ही सहयोग आकांक्षित है।

केन्द्रीय संस्था की हर उपलब्धि में आप सभी के सहस्रों हाथ योगभूत बनते हैं। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के प्रत्येक आगाज़ पर शाखाओं द्वारा एकरूप स्वर से ही विजयनाद गूंजता है। बीता हुआ समय आप सभी की कर्मजा शक्ति का साक्षी है और आने वाला पल प्रतीक्षारत है नव–अध्याय सृजन के लिए।

बहनों! आने वाले दो वर्षों में यह प्रयास रहेगा कि बहनें *personal, emotional, financial and spiritual* विकास मार्ग पर अग्रसर होते हुए आत्मनिर्भर तो बने ही, साथ ही स्वयं के जीवन को सार्थक बनाएं।

### यात्रा रूपांतरण की

बहनों! रूपांतरण एक्सप्रेस आप सभी के लिए तैयार है जो प्रतिमाह आपके आंगन में रुकेगी और आपको रूपांतरण *through Jainism* की सौगात देकर जाएगी। इसे अपना कर खुशियों के कल्पवृक्ष में सफलता की शाखाएं लहलहाएगी, ऐसा परम विश्वास है।

स्नेहाकांक्षी

नीलम सेठिया

## अमृत निर्झर



जो व्यक्ति विनीत होता है, आचार संपन्न होता है, गुरुदृष्टि को समझने वाला होता है, मितभाषी और मधुरभाषी होता है, उसका सम्मान होता है, प्रतिष्ठा मिलती है। जो व्यक्ति अविनीत होता है, दु:शील होता है, गुरु की आज्ञा के प्रतिकूल आचरण करता है और बहुभावी होता है, वह तिरस्कार का पात्र बनता है।



मनुष्य के जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण और कठिन काम है स्वयं को पहचानना। व्यक्ति दूसरों के गुण-दोष की पहचान जल्दी कर लेता है पर स्वयं के बारे में दिग्भ्रान्त बन जाता है। जब तक जीवन में धर्म का अवतरण नहीं होता, व्यक्ति स्वयं की पहचानने में असफल हो जाते हैं।

## चीफ ट्रस्टी की कलम से

तेरापंथ की यशस्वी परंपरा को प्रणाम। प्रणाम तेरापंथ धर्मसंघ के आधार स्तंभ आचार्यों को। वंदना श्रुत सागर ज्योतिचरण आभा मंडल से जन-जन को ज्योति बांटने वाले महासूर्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरणों में। श्रमशील जीवन के श्रेयस मनकों की माला महाश्रमणी साध्वीप्रमुखाश्रीजी के चरणों में श्रद्धा भरा नमन। भीलवाड़ा में विराजित सभी चारित्रात्माओं को वन्दन।

दिनांक 29 सितंबर 2021 त्याग व बलिदान की नगरी चित्तौड़गढ़ में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 46वाँ वार्षिक अधिवेशन। सौभाग्य की बात कि 8 पूर्वाध्यक्षों की एक सघन शक्ति उस साधारण सभा में उपस्थित थी। केन्द्रीय पदाधिकारी एवं देश भर की करीब 125 शाखा मंडलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं उनके उत्साह का पारावार देखकर प्रसन्नता और गौरव की अनुभूति हो रही थी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल जैसी गरिमामय संस्था की बागडोर संभाली श्रीमती नीलम सेठिया ने जो उर्वर चिन्तन की धनी है। नए सपनों, बुलंद हौसलों, नए संकल्पों एवं सार्थक योजनाओं के साथ संस्था को नई ऊंचाइयां देने, साथ ही साथ महामंत्री पद के लिए चुना श्रीमती मधुजी देरासरिया को, दोनों को हार्दिक बधाई। पूर्व प्रधान ट्रस्टी श्रीमती शान्ता जी पुगलिया को साधुवाद जिन्होंने अपने दायित्व को बड़ी दक्षता और कुशलता के साथ संभाला। निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद एवं महामंत्री श्रीमती तरुणा बोहरा का कार्यकाल सफलतम रहा। नई सोच नई कल्पनाओं के साथ अनेकानेक कार्यक्रमों को ZOOM के माध्यम से संपादित किए, मैं दोनों को बधाई देती हूं। संस्था में स्वच्छ वातावरण की ताजगी बनी रहे, परस्पर विश्वास की प्राणवायु बहती रहे, संगठन की डोर मजबूत रहे और सामंजस्य की लताएं लहराती रहे। आप सब के सहयोग एवं सुझावों से मैं अपने चीफ़ ट्रस्टी पद के दायित्व का निर्वहन सम्यक् प्रकार से कर सकूंगी। यह नई यात्रा हम सबके लिए मंगलमय हो। देव गुरु धर्म का कवच पहनकर हम सब आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...

*सौभाग बैद*
चीफ ट्रस्टी

## महामंत्री हृदयोद्गार

संघ और संघपति के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना से ओत:प्रोत स्नेही बहिनों,

तेरापंथ धर्मसंघ की प्राप्ति हमारे जीवन का परम सौभाग्य। इस संघ में हमने जीना सीखा और हम अपने आत्मविश्वास को उजागर करते हुए आत्मविकास का सार्थक प्रयास कर रहे हैं। व्यक्ति का जीवन सफलता की चरम सीमा तक तब ही पहुंच सकता है, जब वह स्वयं की शक्ति को पहचाने और उसे सम्यक् दिशा में नियोजित करे। सुअवसर है नव नेतृत्व में, नव उत्साह एवं नव संकल्प के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर होने का। हम स्वयं की शक्ति को पहचाने, श्रावकत्व को उजागर करते हुए खुद को संघ विकास, स्वयं के विकास एवं संस्था के विकास में अर्पित करें। अनुशासन के दीप जलाएं एवं शक्ति की नई ऋचाएं लिखें।

मजबूत इरादे हो और मन में आत्मविश्वास।
श्रम की स्याही से लिखेंगे एक नया इतिहास।
बढ़ते कदमों की गतिशीलता से मंजिल स्वयं आएगी पास।।

आप सभी के आध्यात्मिक उन्नयन की मंगलकामनाओं सहित...

*मधु देरासरिया*
महामंत्री

# ABTMM'S
# MISSION INDRADHANUSH
## VISION MISSION 2021-2023

### आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

- शृंखलाबद्ध 'नीवी'
- 'Discover A New Me @ अठारह पाप' पर 30 दिवसीय विशेष प्रयोग
- पुरानी ढालों का पुनरावर्तन
- 'Lifestyle without Cruelty : हिंसा vs अहिंसा' – एक ऐसी जीवन पद्धति जिससे अन्य जीवों को अभयदान मिल सकेगा
- 'साधना का मजबूत चरण : पक्खी प्रतिक्रमण' के तहत श्रावक–श्राविकाओं को नियमित पक्खी प्रतिक्रमण करवाना
- 'चौदह नियम' अनुपालना में श्रावकों को संबद्ध करना
- 'मौन प्रत्याख्यान' की वार्षिक लड़ी

### स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज

- आचार्य महाश्रमण फिजियोथेरेपी के नवीन सेन्टर निर्मित करना
- 'रूपान्तरण through Jainism' शिल्पशालाओं की मासिक शृंखला
- 'अंकुरम् : नवागत के स्वागत में' – गर्भ शिशु संस्कार का प्रशिक्षण
- 'परवरिश : Art of Parenting' – भावी पीढ़ी के भीतर मौलिक संस्कारों का निर्माण
- 'आरोग्यम् : सही पोषण देश रोशन' – Healthy Food Habits एवं महिला सुदृढ़ स्वास्थ्य का campaign
- 'सक्षम' – Economically Weaker Terapanthi Ladies को आत्मनिर्भर बनाना
- 'सामर्थ्य' – एक designed course के माध्यम से महिलाओं को financial literacy की ओर अग्रसित करना

### आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना

- तत्त्व प्रचेताओं को 'तत्त्व विज्ञ' की ओर आकर्षित करते हुए तत्त्व विज्ञ प्रचेताओं की टीम तैयार करना
- तत्त्व ज्ञान चितारने के लिए तत्त्व ज्ञान थोकड़ों के बोर्ड गेम रूपी आकर्षक 'Revision Tool' बनवाना
- तत्त्व ज्ञान थोकड़ों के 'Software' से नई पीढ़ी का तत्त्व ज्ञान की ओर रुझान पैदा करना
- 'जैन स्कॉलर' कोर्स में युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए जैन दर्शन कोर्स को व्यापकता प्रदान करना
- 'प्रचेताओं का उपयोग : धर्म प्रभावना में सहयोग' थीम पर आधारित तत्त्व प्रचेता सम्मेलन
- 'श्रुतोत्सव' दीक्षान्त समारोह का आयोजन
- तत्त्व ज्ञान के विभिन्न बोलों पर आधारित 'English Pictorial Videos' जिससे नई पीढ़ी भी आसानी से तत्त्वज्ञान ग्रहण कर सके

### समृद्ध राष्ट्र योजना

- आओ चलें गांव की ओर के अंतर्गत 'Feed the Mind' – सरकारी विद्यालयों में Reading Room बनवाना
- 'स्नेहम्' – Deaf, Dumb & Blind हेतु Braille Books, Sign Language Books & Auditory Training Materials उपलब्ध करवाना
- 'उर्वी : मुखरित दीवारें' – संदेशात्मक कलाकृति दीवारों पर बनाकर नगर सौन्दर्य में अभिवृद्धि करवाना
- स्वच्छ भारत अभियान
- 'Help to Home Helpers' के अंतर्गत Home Helpers का मेडिकल/जीवन बीमा करवाना एवं वर्ष में एक बार उनके सम्मानसूचक Home Helpers Day मनाना
- 'Eco Friendly' प्रोजेक्ट के तहत मंडल के कार्यक्रमों में प्लास्टिक की बोतलें, Disposable Items, Carry Bags आदि का उपयोग सर्वथा निषेध, Even Flex Banner के उपयोग की भी अल्पता
- 'उम्मीद : एक बेहतर कल की' प्रोजेक्ट के अंतर्गत BPL स्कूली बच्चों को designed module के अनुसार नैतिक प्रशिक्षण

### कन्या सुरक्षा योजना

- 'आचार्य महाश्रमण कन्या सुरक्षा सर्कल' का योगक्षेम एवं नवीन निर्माण करवाना
- 'कन्या सुरक्षा बेंच' का निर्माण देश भर के public places में करवाना
- 'Inspirathon' – मंडल द्वारा प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभाओं की Summit
- 'Beyond Boundaries : Sheroes Meet' - राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने वाली तेरापंथी बहनों का प्रेरणादायी कार्यक्रम
- 'तालमेल : Balancing Work & Home' – परिवार से सामंजस्य बनाते हुए व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति करना
- 'Personal Excellence Masterclass Journey' - a specially designed course for girls
- 'Divas in Defense' - कन्याओं हेतु Self Defense Techniques प्रशिक्षण

## • शाखा मंडलों हेतु आवश्यक निर्देश

तेरापंथ धर्मसंघ एक गौरवशाली एवं अनुशासित धर्मसंघ है। संस्था की अस्मिता को और भी अधिक सुदृढ़ बनाते हुए सादगी और संयम से आध्यात्मिक और सामाजिक कार्य संपादित करना हमारा परम कर्त्तव्य है। इस दिशा में समस्त शाखाओं हेतु कुछ आवश्यक बिन्दु निर्दिष्ट किए जा रहे हैं, जिसकी अनुपालना पूर्णतया अपेक्षित है।

- मंडल के कार्यक्रम में जमीकन्द का उपयोग एवं रात्रि भोजन पूर्णतया निषेध। भोजन में 13 द्रव्यों की सीमा निर्धारित है।
- महिला मंडल एवं कन्या मंडल द्वारा किसी भी संस्था के कार्यक्रम (physical / virtual) में कोई भी प्रकार का नृत्य सर्वथा निषेध है।
- मंडल द्वारा संपादित किसी भी आध्यात्मिक या सामाजिक कार्य में Single Use Plastic जैसे प्लास्टिक की थैली, Disposable Items एवं Plastic Bottles का उपयोग सर्वथा निषेध है।
- Flex / Synthetic Banner भी प्लास्टिक का ही एक रूप है। अतः मंडल के कार्यक्रमों में Flex Banner का न्यूनतम उपयोग होना चाहिए। अपेक्षित है कि मंडल का एक बैनर ही समस्त कार्यक्रमों में use किया जाए। अति आवश्यक स्थिति में दो वर्षों में पांच banner से अधिक न बनवाए जाएं।
- मंडल के कार्यक्रम में महिलाओं/कन्याओं द्वारा गणवेश में ही प्रस्तुति हो।
- कन्या मंडल की सदस्यों को किसी भी कार्यक्रम में प्रस्तुति देने से पूर्व स्थानीय महिला मंडल अध्यक्ष/प्रभारी से अनुमति लेनी आवश्यक है।
- मंडल के तत्त्वावधान में Tarot, Fashion Show, Dance Show, Zumba आदि कार्यक्रमों का आयोजन सर्वथा निषेध है।

**तत्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन की परीक्षा शनिवार, 18 दिसम्बर व मंगलवार, 21 दिसम्बर 2021 को आयोजित की जायेगी।**




रूपांtaran
Through Jainism

जैन धर्म की ***philosophy*** आध्यात्मिक, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिकता का ***perfect blend*** है। जैन दर्शन में प्ररूपित सूत्र व्यक्ति के आत्मकल्याण में तो सहायक बनते ही हैं, आत्मसात् करते हुए दैनंदिन क्रियाकलापों में उपयोग किए जाएं तो जीवन संतुलित, व्यवस्थित एवं आनन्दित बन जाता है। जैन धर्म में बहुविध सशक्त सूत्र हैं जिन्हें जीवनचर्या में ***connect*** करने से दैनिक समस्याओं का समाधान स्वतः निकल आता है। जैन धर्म के मर्म को समझने का प्रयास करें तो प्रत्येक सूत्र कई समस्याओं का निवारण दे जाता है। सहज, स्वस्थ, सतुंलित जीवन जीने की शैली प्रदान करे, वह जैन धर्म है। जो हमारे ***lifestyle*** को अनुशासित करे, जीवन की कठिन परस्थितियों में समभाव रखना सिखाए, वह जैन धर्म है।

हम सब इन सूत्रों को केवल आगमिक दृष्टिकोण या आध्यात्मिक दृष्टिकोण से ही पढ़ते आ रहे हैं। इन्हीं सूत्रों को दैनिक चर्या में अंतर्ग्रहण करें तो हमारे स्वयं का जीवन तो खुशनुमा होगी ही, साथ ही हमारे सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति भी खुशी का अनुभव करेंगे।

***Let the journey of prosperous YOU begin...***

दूर क्षितिज पर सूरज चमका
सुबह खड़ी है आने को।
धुंध हटेगी धूप खिलेगी
वक्त नया है छाने को।

आपका आध्यात्मिक आधार जितना ठोस होगा, उतना ही आपका स्व–प्रबन्धन सशक्त हो सकेगा। आध्यात्मिक धरातल के बिना स्व–सफलता का स्वप्न मात्र स्वप्न ही रह जाता है और जीवन ऐसे ही व्यतीत हो जाता है। जिसके जीवन में आध्यात्मिकता का विकास होता है, वही सुख, शान्ति और सफलता की सच्ची कहानी लिख सकता है।

***Emotional Quotient*** और ***Intelligent Quotient*** की विकास यात्रा ***Spiritual Quotient*** के बिना अपनी लक्षित मंजिल पर नहीं पहुंच सकती। भावनाओं की ऊंचाई के साथ उनकी गहराई का ***balance*** होना भी अति आवश्यक है। गुण और आदर्श की गहराई ***Spiritual Quotient*** से ही आती है। इसी मूल तत्त्व पर जीवन को ***Happy & Harmonious*** बनाया जा सकता है।

जीवन एक अनवरत यात्रा है और हम सब यात्री। यात्रियों की गंतव्य स्थान की टिकट पहले से ही आरक्षित है। अपनी–अपनी नियति के अनुसार किसी की फर्स्ट क्लास, किसी की सेकेण्ड तो किसी की स्लीपर क्लास, जिसे हम बदल नहीं सकते। लेकिन इस यात्रा को सुखद बनाने का प्रयत्न अवश्य कर सकते हैं।






मासिक कार्यशाला की शृंखला में इस वर्ष जैन धर्म के सूत्रों को अपनाकर जीवन में रूपांतरण लाने का प्रयास करेंगे। रूपांतरण एक्सप्रेस की इस यात्रा में विभिन्न पड़ाव जैसे श्री, ह्री, धी, धृति, शक्ति, शान्ति, नन्दी, तेजः एवं शुक्लः स्टेशनों पर रुकेगी। जैन धर्म के छोटे–छोटे सूत्रों को अच्छी तरह जान कर, समझ कर एवं उन्हें जीवन में उतार कर हम ***weightless smooth journey*** कर सकते हैं।



# Make Your Life Happy Through
# अनेकान्तवाद

.... The doctrine of non-absolutism or Multiple View-ism...




## क्या हर समस्या का समाधान अनेकान्तवाद हो सकता है?


भगवान महावीर द्वारा प्ररूपित अनेकान्तवाद *Jain Philosophy* का आधारभूत सिद्धान्त है जो प्राचीन भारतीय दार्शनिक व्यवस्था की अनमोल धरोहर मानी जाती है।

**अहिंसा** = *non-violence of living beings*

*non-violence of thoughts* = **अनेकान्तवाद**

## क्या है अनेकान्तवाद?

अलग–अलग कोणों से देखने पर सत्य और वास्तविकता भी अलग–अलग समझ आती है। उदाहरण के तौर पर हाथी और पांच अंधों की कहानी –



अपनी बात को स्वयं की दृष्टि से सही मानते हुए अन्य व्यक्ति की बात को उसी के दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करना अनेकान्तवाद है।

## पूर्व तैयारी *Multiple View-ism* की ओर

एक दिन स्वयं के साथ – आते जाते हर विचार के बने पहरेदार और *Visitors' Entry Book* की तरह हर विचार को मन में या पन्नों पर *note* करें। सोने से पूर्व आत्म–विश्लेषण करें। हर विचार पर विचार करें कि ऐसा क्यों सोचा? क्या ये विचार सुकून प्रदान कर रहे हैं? यदि नहीं तो तैयार हो जाएं उस बात का, उस स्थिति का, उस व्यक्ति का दूसरा पहलू देखने के लिए। *Let the journey for peace start....*

## *Benefits of* अनेकान्तवाद



अनेकान्तवाद का *lens* पहनकर अगर परिवार को, मित्रों को, समाज को, दुनिया को देखा जाए तो दिल और दिमाग तो शान्त रहेगा ही, साथ ही सारा वातावरण भी खुशनुमा बन जाएगा।


- *Releases negativity and closes door to negativity* - जिससे अशुभ कर्म बन्धन भी नहीं होते।
- आपके एवं आसपास के व्यक्तियों को भी विचारों की आजादी मिलती है।
- *Meaningful Relationships* - औरों से हम *connect* तो रहते ही हैं, उन्हें दिल से *accept* करने की क्षमता बढ़ जाती है।
- परिवार, मित्र, रिश्तों में अधिक प्रगाढ़ता एवं स्फुरणा जन्म लेती है।
- *Leads to a life of Perfect Partnership and Participation*
- यह दृष्टिकोण *Black & White* दुनिया को विविध रंगों से *colourful* बना देता है।

## अनेकान्तवाद *in daily practice*

जिस अनेकान्तवाद को हम मात्र आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं, वह सही मायने में नित्य व्यवहार में प्रयोग किया जाने वाला सिद्धान्त है।

पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक परिप्रेक्ष्य में उदाहरण सहित अनेकान्तवाद को समझने का प्रयास करें। अनेकान्तवाद का सूत्र जीवन में उतार कर जीवन को संयत एवं निरामय बन सकता है। जिस दिन अनेकान्तवाद को व्यवहार में उतार लेंगे, उस दिन *Happy Me, Happy Family, Happy Society, Happy Nation and Happy Universe* स्वत: ही बन जाएगा।

इस स्टेशन से मिली खुराक को इस माह आने वाले हर मोड़, हर स्थिति–परिस्थिति में उतारने का प्रयास करें और अपने जीवन में 'श्री' संपन्नता की अनुभूति करें। इसी के साथ रूपांतरण एक्सप्रेस अपने पहले स्टेशन 'श्री' से आगे बढ़ेगी और अगले माह अगले स्टेशन की ओर...



शुभम् अस्तु!!!

अमृत मनोनयन वर्ष

## असाधारण साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी

मनोनयन स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में समायोजित

# काव्यामृतम्

## राष्ट्र–स्तरीय वृहद् काव्य पाठ प्रतियोगिता

प्रमुखाश्रीजी द्वारा विरचित काव्य संग्रह सांसों का इकतारा एवं धूप छांव पर आधारित

राज्य स्तरीय
17–30 नवम्बर 2021
के मध्य
ऑनलाइन

सेमी फाइनल
15 दिसम्बर 2021
को
ऑनलाइन

फाइनल
जनवरी 2022
में प्रत्यक्ष या
ऑनलाइन

### * प्रतियोगिता संबंधित महत्त्वपूर्ण नियम-निर्देश *

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता**

- 'सांसों का इकतारा' संग्रह से किसी एक कविता का पाठ।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रति दिवस 2 श्रेष्ठ संभागियों का सेमी फाइनल हेतु चयन किया जाएगा।

**सेमी फाइनल प्रतियोगिता**

- 'धूप छांव' संग्रह से किसी एक कविता का पाठ।
- सेमी फाइनल में सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों का फाइनल हेतु चयन किया जाएगा।
- चयनित प्रतिभागियों की फाइनल में प्रत्यक्ष उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

**फाइनल प्रतियोगिता**

- फाइनल राउण्ड में प्रतिभागी द्वारा पूर्व दो राउण्ड में प्रस्तुत कविता के अलावा दोनों काव्य संग्रह में से किसी अन्य कविता की प्रस्तुति देनी होगी। प्रस्तुत कविता की प्रस्तावना हेतु एक मिनट का समय निर्धारित है।
- फाइनल में प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### * प्रतियोगिता संबंधित सामान्य नियम-निर्देश *

- कविता कण्ठस्थ कर प्रस्तुति देनी अनिवार्य है।
- प्रतिभागी को अपना नाम एवं क्षेत्र का नाम प्रारम्भ में अनिवार्य रूप से बताना होगा।
- प्रस्तुत कविता के चयन हेतु प्रस्तावना : 1 मिनट
- काव्य पाठ समय सीमा : न्यूनतम 3 मिनट एवं अधिकतम 5 मिनट।
- आकलन का आधार : विषय चयन; उच्चारण/लय; स्मृति एवं प्रभाव।
- संभागी महिला एवं कन्याएं ही हो सकती है। 500 से अधिक सदस्य वाली शाखाओं से अधिकतम 5 (कन्या एवं महिला कोई भी पांच) एवं 500 से कम सदस्य वाली शाखाओं से अधिकतम 2 (कन्या एवं महिला कोई भी दो) संभागी बन सकते हैं।
- प्रतिभागियों के नाम शाखा मंडल अध्यक्ष/मंत्री के माध्यम से राष्ट्रीय संयोजिका के पास अन्तिम तिथि 10 नवम्बर 2021 तक पंजीकृत होने चाहिए।
- राज्य स्तरीय एवं सेमी फाइनल प्रतियोगिता ZOOM के माध्यम से आयोजित होगी। प्रतिभागियों को काव्य पठन के दौरान अपनी आंखें पूर्णतया कैमरे की ओर रखनी होगी।
- राज्य स्तरीय/सेमी फाइनल प्रतियोगिता के निर्णायकगण समाज के प्रख्यात कविवृन्द होंगे।
- फाइनल प्रतियोगिता में देश के प्रख्यात कविवृन्द निर्णायक की भूमिका अदा करेंगे।
- मंडल एवं निर्णायकों का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
- फाइनल प्रतियोगिता प्रत्यक्ष रूप से आयोजित होगी। (स्थितिनुसार प्रतियोगिता ऑनलाइन भी करवाई जा सकती है।)

**राज्य स्तर प्रतियोगिता तिथि**

| | |
|---|---|
| 17 नवम्बर 2021 | पश्चिम बंगाल |
| 18 नवम्बर 2021 | राजस्थान (मेवाड़ संभाग) |
| 19 नवम्बर 2021 | असम, मेघालय, नेपाल, सिक्किम |
| 20 नवम्बर 2021 | आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना |
| 21 नवम्बर 2021 | तमिलनाडु, केरल |
| 22 नवम्बर 2021 | गुजरात |
| 23 नवम्बर 2021 | कर्नाटक |
| 24 नवम्बर 2021 | राजस्थान (मारवाड़ संभाग) |
| 25 नवम्बर 2021 | ओडिशा |
| 26 नवम्बर 2021 | महाराष्ट्र |
| 27 नवम्बर 2021 | पंजाब, हरियाणा |
| 28 नवम्बर 2021 | उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश |
| 29 नवम्बर 2021 | राजस्थान (थली+बीकानेर संभाग) |
| 30 नवम्बर 2021 | बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड |

अन्य जानकारी हेतु राष्ट्रीय संयोजिका
श्रीमती तरूणा बोहरा
मो. 89766 01717
से सम्पर्क करें।

**काव्यामृतम् आयोजना समिति**

श्रीमती नीतू ओस्तवाल
श्रीमती निधि सेखानी
श्रीमती वन्दना बरड़िया
श्रीमती अनुपमा नाहटा


# आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में बाल दिवस को अभातेममं का आगाज संस्था का प्रयास

## फैले 7500 दिव्यांग बच्चों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश

'स्नेहम्' प्रोजेक्ट उन बच्चों हेतु है जिनमें देखने, सुनने या बोलने की क्षमता नहीं है। इन बच्चों का भविष्य भी सुनहरा हो एवं ज्ञानार्जन पश्चात् देश के भविष्य में अपना योगदान दे सके, इस उद्देश्य से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल 'स्नेहम्' प्रोजेक्ट के साथ उपस्थित है। इस प्रोजेक्ट के तहत दिव्यांग स्कूल/आश्रम में रहने या पढ़ने वाले बच्चों हेतु Braille Books, Sign Language Books, Projector, Auditory Materials, Software आदि उपलब्ध करवाना होगा।

इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत ध्यानार्थ बिन्दु :

* दिव्यांग स्कूल/आश्रम जाकर बच्चों की उम्र एवं कक्षा की नोटिंग की जाए। उनकी जरूरतानुसार पाठ्य सामग्री की सूची बनाएं।
* स्कूल/आश्रम के बच्चों की योग्यता एवं जरूरतानुसार ही सामग्री खरीदी जाए।
* इस कार्यक्रम में अपने क्षेत्र के बड़े पदाधिकारी या गणमान्य व्यक्ति को अवश्य बुलाएं।
* जिस स्कूल/आश्रम में सामग्री भेंट की जा रही है, वहां नीचे दिए गए प्रारूप अनुसार एक पोस्टर भी अवश्य लगवाया जाए।




(पोस्टर की soft copy बेवसाइट पर उपलब्ध है)

**परीक्षा स्थलों में दिव्यांग बच्चों के लिए महिला/कन्या मंडल की सदस्याएं Writer/Scriber की भूमिका अदा कर उनकी सहायता भी कर सकते हैं।**

अधिक जानकारी हेतु संयोजिका श्रीमती नीतू ओस्तवाल मो. 94615 31077 से सम्पर्क करें।

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

# दीपावली अनुष्ठान

दीपमालिका – भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक

अभातेममं लाया है दीपों का नव उजास,
जगाएं स्वयं की शक्ति में विश्वास।
अनुष्ठान से छाए अभिनव उल्लास,
अध्यात्म ही है सच्चा आश्वास।।

दीपावली के पावन पर्व भगवान महावीर की आराधना करते हुए प्रत्येक शाखा मंडल से निवेदन कि एक सामायिक के साथ आध्यात्मिक अनुष्ठान संपादित करे।

स्वयं के आध्यात्मिक ऋद्धि के विकास हेतु 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं महावीराय नमः' की माला दीपावली के दिन से प्रारम्भ करें।

### अनुष्ठान प्रारूप

| | |
|---|---|
| महावीर अष्टकम् | 07 मिनट |
| लोगस्स ध्यान (चारों दिशाओं में एक-एक लोगस्स) | 08 मिनट |
| भगवान महावीर जप (महावीर स्वामी केवल ज्ञानी, गौतम स्वामी चवनाणी) | 10 मिनट |
| 'मंगल भावना' का जप | 10 मिनट |
| 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं महावीराय नमः' की एक माला | 10 मिनट |
| 'जय महावीर भगवान' गीतिका संगान | 03 मिनट |

नीवी तप, सात्विक आहार - कषायों पर करें प्रहार

# आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

# शृंखलाबद्ध नीवी

नवीन कार्यकाल की शुरुआत आध्यात्मिक गतिविधि के साथ हुई है। 'प्रतिदिन नीवी – प्रतिदिन एक क्षेत्र' का क्रम 7 अक्टूबर 2021 (नवरात्रि प्रथम दिवस) से प्रारम्भ हुआ। शाखा मंडलों ने अति उत्साह सहित नीवी की इस शृंखला में अपनी सहभागिता दर्ज की है। जिन शाखाओं ने अभी तक अपनी तिथि पंजीकृत नहीं करवाई है, उनसे आह्वान कि इस कड़ी में एक दिन हेतु अपने क्षेत्र का नाम संयोजिका श्रीमती अदिति सेखानी मो. 99090 24763 के पास दर्ज करवा कर आध्यात्मिक अनुष्ठान में अवश्य सहभागी बनें।

**नीवी क्या ?**

नीवी बाह्य तप है, रसपरित्याग है, निर्जरा का भेद है।

**नीवी कैसे ?**

* दिन में सूर्योदय से सूर्यास्त के मध्य एक बार एक ही आसन पर बैठ कर भोजन करना।
* एकासन की तरह एक बार विगय रहित भोजन करना। विगय वर्जन जैसे दूध–दही–घी–तेल–चीनी–कड़ाही के सेवन का सर्वथा प्रत्याख्यान।
* सचित्त परिहार एवं रात्रि चौविहार का प्रत्याख्यान।

**क्या आप जानते हैं?**

नीवी – निर्विगय – निर्विकृतिक
स्वास्थ्य और अध्यात्म का अनूठा संगम
: विगय :
दूध, दही, घी, तेल, चीनी, कड़ाही

**विगय – विकृति**
विकृत जीवनशैली
कषाय प्राबल्य
इन्द्रिय विकार
कर्म बन्धन

**नीवी – निर्विकृतिक**
स्वस्थ जीवनशैली
कषाय विजय
इन्द्रिय शुद्धि
कर्म निर्जरा




**नीवी : कुछ खास**
सरल व विशिष्ट तप
संपूर्ण व संतुलित आहार
वसारहित आहार
कम कैलोरी आहार
हृदय का रक्षा–कवच

**नीवी आहार**
मल्टी ग्रेन आटा
सभी अचित्त सब्जियां
अचित्त फल या उनका रस
छाछ (मक्खन निकाली)

**शृंखलाबद्ध नीवी में सहभागिता देने वाले शाखाओं के प्रति हार्दिक साधुवाद।**

**अक्टूबर माह में नीवी में सहभागी बनने वाले क्षेत्र :–**

07 अक्टूबर – अहमदाबाद – 450, लाडनूं – 161
08 अक्टूबर – भीलवाड़ा – 225
09 अक्टूबर – विशाखापट्टनम – 65
10 अक्टूबर – पटना जंक्शन – 10
11 अक्टूबर – जयपुर सी–स्कीम – 278
12 अक्टूबर – शिलोंग – 15
13 अक्टूबर – रायपुर – 95
14 अक्टूबर – सेलम – 10
15 अक्टूबर – सूरत – 505
16 अक्टूबर – खुश्किबाग – 15
17 अक्टूबर – जोरहाट – 2
18 अक्टूबर – राजराजेश्वरी नगर, बेंगलुरू – 75
19 अक्टूबर – कांकरोली – 150
20 अक्टूबर – सायरा – 141
21 अक्टूबर – कोयम्बत्तूर – 45
22 अक्टूबर – उदयपुर – 111
23 अक्टूबर – कटक – 71
24 अक्टूबर – बालोतरा – 900
25 अक्टूबर – उधना – 225
26 अक्टूबर – साउथ कोलकाता – 2
27 अक्टूबर – विजयनगर, बेंगलुरू – 200
28 अक्टूबर – पर्वतपाटिया – 131
29 अक्टूबर – जयगांव – 11
30 अक्टूबर – मुम्बई – 2136
31 अक्टूबर – काठमाण्डू – 54 कुल – 6083

## भावना सेवा अंतर्गत रास्ते की सेवा

चातुर्मास की संपन्नता पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की भावना सेवा पुनः प्रारम्भ हो रही है। शाखा मंडलों ने जागरूकता के साथ सेवा में अपना नाम पंजीकृत करवाया, तदर्थ साधुवाद।

संयोजिका – श्रीमती सरिता डागा मो. 94133 39841
सह–संयोजिका – श्रीमती निधि सेखानी मो. 98796 33133

कन्या मंडल



## आहट... उजले कल की
### संभावनाएं स्वर्णिम पल की

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**
**के तत्वावधान में**
**कन्या मंडल का नया प्रस्थान**

प्यारी बेटियों,

सुनहरे भविष्य की आहट, उजले कल की ओर ईशारा कर रही है। हमारे भविष्य की धरोहर – हमारी बेटियों को नव उमंग, नव उत्साह, नव जोश एवं नव सोच के साथ आने वाले कल को अपनाना है। कल्पना की उड़ान भरने वाले पंखों से ऊंचे गगन में उड़ने का लक्ष्य बनाएं एवं अपने कदम गतिशील करें।

दीपावली का पर्व आने वाला है। इस दीपावली एक दीप ज्ञान का, एक दीप समर्पण का, एक दीप श्रद्धा का एवं एक दीप संयम का जलाएं। दीपावली केवल एक दिन नहीं, प्रतिदिन मनाएं। दीपावली की अशेष शुभकामनाओं सहित ...

*अर्चना भण्डारी,* कन्या मंडल प्रभारी
मो. 9810011500

### 'बनें सहारा फैलाएं उजियारा'

अपने क्षेत्र के अनाथाश्रम में बच्चों के साथ कुछ वक्त गुजारें और लाएं उनके चेहरों पर मुस्कान। अनाथाश्रम में जाकर आपको पहले Wall of Joy लगानी होगी। Drawing Board/Poster को सुन्दर तरीके से सज्जित कर उसे Wall of Joy बनाया जा सकता है। इस Wall of Joy में अनाथाश्रम के बच्चे उनकी दैनिक जरूरत की सामग्री लिख सकते हैं। कुछ दिनों बाद आपको उस Wall of Joy का अवलोकन करें और अपेक्षानुसार सामग्री एकत्रित कर बच्चों में वितरित करें। साथ ही कुछ समय बच्चों के साथ खेल आदि में व्यतीत करें। इस कार्य में आप बच्चों की उम्र सीमा स्वयं की अपेक्षानुसार निर्धारित कर सकते हैं।

### लेख प्रतियोगिता

**विषय : वर्तमान को वर्द्धमान की आवश्यकता है**

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर के उपदेशों एवं सिद्धान्तों से स्वयं की आत्मा को कैसे light किया जा सकता है, स्वयं के परिवार को कैसे harmonious रखा जा सकता है तथा देश की economy को कैसे सुदृढ़ किया जा सकता है, इन विचारों पर 150 शब्द सीमा तक लेख प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्तर पर करें।
स्थानीय स्तर के श्रेष्ठ विचार 5 दिसम्बर तक कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी को प्रेषित करें।

महिला मंडल

## नूतन चिन्तन आपका... विकास हो समाज का...

- प्रत्येक शाखा मंडल अपने सदस्यों के साथ चिन्तन-मनन कर एक Creative & Innovative Project की रूपरेखा तैयार करे। यह योजना 'स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज', 'कन्या सुरक्षा योजना' अथवा 'समृद्ध राष्ट्र योजना' के तहत 'स्वच्छ भारत अभियान' या 'आओ चलें गांव की ओर' के अंतर्गत अवश्य आनी चाहिए।
- योजना की विस्तृत Project Report तैयार कर भिजवाएं। अनुमानित लागत भी संलग्न हो।
- प्रत्येक Zone (East, West, South, North) से एक प्रोजेक्ट का selection किया जाएगा और चयनित Project को नारीलोक के माध्यम से उस zone के समस्त शाखाओं को क्रियान्वित करने का निर्देश दिया जाएगा।
- चयनित Project Report का प्रारूप भेजने वाले शाखा को पुरस्कृत किया जाएगा।
- Project Report श्रीमती प्रभा घोड़ावत को मो. 9302101268 पर भेजें।
- Project Report भेजने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 है।

# कन्या मंडल हेतु

## PERSONAL EXCELLENCE MASTERCLASS JOURNEY

*a specially designed course for girls*

कन्याओं के personality एवं all-round development हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल प्रस्तुत करता है PERSONAL EXCELLENCE MASTERCLASS JOURNEY. इस मास्टरक्लास में कन्याओं को communication, time management, decision making, intelligence and crucial conversation का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह Masterclass सिंगापुर की विख्यात Mindset Transformation, Leadership & Success Coach द्वारा ली जाएगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न modules द्वारा कन्याएं स्वयं का better version बन पाएगी। यह Masterclass विशेष तौर पर 18 वर्ष से अधिक उम्र वाली कन्याओं हेतु तैयार किया गया है।

- Masterclass विभिन्न zones में होगी
- प्रत्येक zone में 4 classes एवं पांचवी class convocation
- हर class के बाद assignment और hand-outs
- सवा दो घण्टे की प्रत्येक Masterclass
- प्रत्येक class में विभिन्न modules द्वारा interactive training
- सम्पूर्ण Masterclass का आयोजन zoom पर
- प्रत्येक zone से max. 100 girls का first come first serve basis पर registration
- Registration Charges मात्र ₹400 प्रति संभागी

**GROUP A**
दक्षिण zone
(तमिलनाडु, केरल, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं कर्नाटक)

Masterclasses क्रमशः: 19 नवम्बर 2021, 24 नवम्बर 2021, 29 नवम्बर 2021 एवं 6 दिसम्बर 2021 को आयोजित होगी।

**GROUP B**
असम, पश्चिम बंगाल एवं ओड़िशा zone

Masterclasses क्रमशः: 25 नवम्बर 2021, 30 नवम्बर 2021, 7 दिसम्बर 2021 एवं 13 दिसम्बर 2021 को आयोजित होगी।

इच्छुक कन्याओं को google form द्वारा registration करना होगा।

:: अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र ::

GROUP A : दक्षिण Zone : संयोजिका श्रीमती मंजुला डूंगरवाल मो. 98413 99155

GROUP B : असम, पश्चिम बंगाल एवं ओड़िशा Zone : संयोजिका श्रीमती सोनम बागरेचा मो. 90079 11111

Google Form Link एवं विस्तृत जानकारी WhatsApp के माध्यम से प्रेषित कर दी जाएगी।

# 'सफर... संकल्प से सफलता तक' कार्यशाला

## एक दिवसीय वृहद् आंचलिक कार्यशाला 'सफर संकल्प से सफलता तक' का विशाखापट्टनम में देशव्यापी आगाज़

संकल्पित नारी शक्ति को सफलता की ओर अग्रसर करने हेतु अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं विशाखापट्टनम द्वारा साध्वीश्री त्रिशलाकुमारीजी के सान्निध्य में 'सफर... संकल्प से सफलता तक' कार्यशाला का दि. 24 अक्टूबर 2021 को देशव्यापी आगाज़ हुआ। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दक्षिण ओड़िशा स्तरीय आंचलिक कार्यशाला का विषय था – 'कैसे छुएं आसमां।' अत्यन्त हर्षोल्लास सहित केन्द्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

प्रथम सत्र का शुभारंभ साध्वीश्रीजी द्वारा नमस्कार मंत्र उच्चारण से हुआ। महिला मंडल द्वारा प्रेरणा गीत की प्रस्तुति हुई। समस्त अतिथियों की उपस्थिति में शंखनाद से बैनर का अनावरण हुआ।

अध्यक्ष श्रीमती वंदना विनायकिया ने स्वागत स्वर उकेरे। महासभा कार्य समिति सदस्य श्री विमल कुंडलिया, सभाध्यक्ष श्री मनोज दूगड़, तेयुप अध्यक्ष श्री ऋषभ सुराणा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। युवतियों एवं कन्याओं ने स्वागत गीतिका प्रस्तुत की। ज्ञानशाला ज्ञानार्थियों एवं कन्या मंडल द्वारा रोचक प्रस्तुति दी गई।

साध्वीश्री कल्पयशाजी के प्रेरणादायी वक्तव्य ने संकल्पों की राहों से सफलता को हासिल करने के सूत्र बताए। साध्वीश्री रश्मिप्रभाजी ने समधुर गीतिका का संगान किया। विषय प्रस्तुति महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने बहुत सुन्दर तरीके से की। अध्यक्षीय स्वर में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया का प्रेरणादायी वक्तव्य रहा। विषय प्रतिपादन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मुख्य वक्ता श्री गौतम चौरडिया ने किया। विशिष्ट अतिथि IPS Transport Commissioner Odisha श्री अरुण बोथरा ने अभिभाषण प्रस्तुत किया।

विशाखापट्टनम, विजयनगरम्, काकीनाड़ा, विजयवाड़ा, राजमहेन्द्रवरम्, हैदराबाद, कटक, भुवनेश्वर, रायपुर, जगदलपुर, भिलाई, आदि क्षेत्रों की सराहनीय उपस्थिति रही। साध्वीश्री त्रिशलाकुमारीजी ने अपने मंगल उद्बोधन में संकल्प की चेतना का ऊर्ध्वारोहण किया। साध्वीश्री कल्पयशाजी के सुन्दर संचालन ने श्रावकों की उपस्थिति में कमी नहीं आने दी। श्रीमती निशा कुंडलिया ने भी सुन्दर संचालन किया। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा, ओड़िशा प्रभारी श्रीमती इंदिरा लुनिया, रा.का.स. श्रीमती मंजुला डूंगरवाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंत्री श्रीमती जयश्री लालवानी ने आभार ज्ञापित किया। लगभग 450 भाई–बहनों की उपस्थिति रही।

द्वितीय सत्र में 'बनें संस्था के सजग प्रहरी' के अंतर्गत समस्त शाखा मंडल की बहनों ने मंडल के प्रति जिज्ञासाओं को प्रकट किया एवं केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा समाधान दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अभातेममं के आयामों की विस्तृत जानकारी दी। महामंत्री मधु देरासरिया ने संविधान की जानकारी दी। इसी के साथ प्रथम आंचलिक कार्यशाला सानन्द सम्पन्न हुई।

## साउथ कोलकाता में 'सफर संकल्प से सफलता तक' वृहद् आंचलिक कार्यशाला

अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं साउथ कोलकाता द्वारा 'सफर... संकल्प से सफलता तक' की कार्यशाला दि. 26 अक्टूबर 2021 को आयोजित की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, महामंत्री मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, सरंक्षिका श्रीमती तारा सुराणा, ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया, ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद, साउथ कोलकाता महिला मंडल की सरंक्षिका श्रीमती चम्पादेवी कोठारी आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यशाला का शंखनाद हुआ। हर्षोल्लास के साथ केन्द्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

श्रीमती तारा सुराणा ने नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रेरणा गीत एवं मंगलाचरण की प्रस्तुति तारातल्ला गोष्ठी एवं साउथ कोलकाता कार्यसमिति की बहनों द्वारा हुई। मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनीता सुराणा ने स्वागत भाषण में सभी का अभिनन्दन किया। अभातेममं ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद ने साध्वीप्रमुखाश्री एवं साध्वीश्री स्वर्णरेखाजी के संदेश का वाचन किया। अभातेममं ट्रस्टी डॉ. सूरज बरडिया ने प्रेरणा संपोषित करते हुए केन्द्रीय पदाधिकारियों का अति उत्साह सहित स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने A New You and Me... Lets celebrate WE को Talk Show के माध्यम से रोचकता से प्रतिपादित किया। लगभग पचास सास–बहू व मां–बेटी की जोड़ी Talk Show में आकर्षण का केन्द्र बने। विषय प्रस्तुति पर प्रश्नोत्तर में कई बहनों ने उत्साह सहित संभागिता दर्ज की।

